डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

विज्ञापनों और ख़बरों के लिए बड़ा धमाका!

अब अपने व्यापार, ईवेंट या जाहिर सूचना को पहुँचाएँ जन-जन तक।

सेवाएँ: समाचार, विज्ञापन, जाहिर सूचना और कानूनी नोटिस।

रेट: बाज़ार में सबसे कम (न्यूनतम दर)।

अपनी फाइल अभी भेजें और उचित स्थान पाएँ।

संपर्क:
विकास गुप्ता
मो. 9111156060

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 201 | इंदौर, बुधवार 04 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. सुनेत्रा पवार के हाथ होगी पूरी पावर, डिप्टी सीएम बनीं और अब अध्यक्ष पद भी संभालने को तैयार
2. मणिपुर में अब खेमचंद सरकार, दो डिप्टी सीएम भी बनाएगी भाजपा; नगा समुदाय को भी चांस

### कटाक्ष



मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय

# सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों को आवंटित आवासीय भूखंडों का पंजीयन नि:शुल्क कराये जाने का निर्णय

## 6 विभागों की 10 योजनाओं की निरंतरता के लिए 15,009 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति

## मैहर एवं कटनी जिले की 620 करोड़ रुपये से अधिक की 2 सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा नर्मदा घाटी की सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों को आवंटित किये गए आवासीय भूखंडो का पंजीयन नि:शुल्क कराये जाने का निर्णय लिया गया। मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) अनुसार देय पंजीयन शुल्क एवं स्टॉम्प ड्यूटी की प्रतिपूर्ति नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा की जायेगी। इससे 25,600 से अधिक परिवारों को लाभ होगा। इस निर्णय से राज्य शासन पर 600 करोड़ रूपये का वित्तीय भार आयेगा।



### मैहर एवं कटनी जिले की 2 सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा मैहर एवं कटनी जिलें में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 620 करोड़ 65 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्वीकृति अनुसार मैहर एवं कटनी की धनवाही सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना लागत 53 करोड़ 73 लाख रूपये की स्वीकृति दी गयी है। इससे 3500 हेक्टयर में सिंचाई की सुविधा प्राप्त होंगी और मैहर एवं कटनी जिले के 9 ग्राम के 2810 कृषक लाभान्वित होंगे।

कटनी जिलें की बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना लागत 566 करोड 92 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इससे, कटनी जिले की बरही एवं विजयराघवगढ़ तहसील के 27 ग्राम के 11,500 कृषक लाभान्वित होंगे और 20 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होंगी।

### 10 योजनाओं की निरंतरता की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा 6 विभागों की 10 योजनाओं की वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतरता के लिए 15,009 करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्वीकृति अनुसार वित्त विभाग की लोक वित्त पोषित 500 करोड़ से कम की 8 योजनाओं के लिए 115 करोड़ 6 लाख रुपये, श्रम विभाग की मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के लिए 5 हजार करोड़ रुपये, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन योजना और स्थापना एवं कार्यालयीन योजनाओं के लिए 3 हजार 376 करोड़ 66 लाख रूपये, पशु पालन एवं डेयरी विभाग की डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना, पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर ब्लॉकग्रांट योजना एवं पशुपालन, पशु विकास और गौ संवर्धन योजना के लिए 6 हजार 472 करोड़ 18 लाख रुपये, महिला एवं बाल विकास की किशोर कल्याण निधि योजना और घरेलू हिंसा पीड़िता के लिए सहायता योजना के लिए 24 करोड़ 70 लाख रूपये और पिछड़ा वर्ग एवं अन्य कल्याण की अल्पसंख्यक स्वरोजगार/उद्यम योजना के लिए 21 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

### अन्य निर्णय

मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य समाज कल्याण बोर्ड को भंग कर कर्मचारियों का संविलयन महिला बाल विकास विभाग में करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

# सिंहस्थ के लिए चलाई जाएगी मेला स्पेशल ट्रेन पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी मिलेगी प्रदेश को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रेल बजट में मध्य प्रदेश और खासकर मालवा क्षेत्र को इस साल सौगातें मिलेगी। सिंहस्थ को देखते हुए मेला स्पेशल ट्रेनें तो चलाई जाएगी। साथ में आसपास के पचास किलोमीटर क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों पर भी सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। मध्य प्रदेश को पांच जोड़ी वंदे भारत ट्रेन मिलेगी। इसमें दो ट्रेनें इंदौर को मिल सकती है।**




मध्य प्रदेश में रेलवे के विस्तार पर बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। इंदौर- बुधनी, इंदौर-दाहोद और इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन के लिए भी राशि का आवंटन किया गया है। मध्य प्रदेश में 1.18 लाख करोड़ रूपए की विभिन्न परियोजनाओं में काम कार्य चल रहा है। अमृत स्टेशन योजना के तहत मध्य प्रदेश के 80 रेलवे स्टेशनों को रूपये 3 हजार करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में रेलवे ट्रैक पर 1283 फ्लाईओवर और रोड अण्डर ब्रिज का निर्माण किया गया है। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि मध्य प्रदेश में विभिन्न जिलों को कवर करते हुए पांच जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें एवं चार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। मध्य प्रदेश के लिए यह रेल बजट राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के साथ-साथ यात्री सुविधाओं में भी वृद्धि होगी। रेलवे ने पश्चिम बंगाल के डंकुनी से गुजरात के सूरत तक एक नए समर्पित मालवाहक कॉरिडोर का प्रस्ताव किया गया है, जो ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगा। दो हजार किमी लंबा यह कॉरिडोर मौजूदा पश्चिमी मालवाहक कॉरिडोर से जुड़ेगा। जिससे पश्चिमी तट के बंदरगाहों तक माल की बिना किसी रुकावट के आवाजाही हो सकेगी। पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल गुजरात और राजस्थान दोनों राज्यों को सीधे जोड़ता है। इस कारण इन दोनों राज्यों में होने वाले विकास कार्यों का फायदा रतलाम मंडल को भी मिलेगा।

इंदौर में राह-वीर योजना की पहली चमक

# दो नेक दिलों ने 'गोल्डन ऑवर' में बचाईं जानें मिलेंगे 25-25 हजार रुपये और सम्मान

● समिति ने भेजा परिवहन आयुक्त को प्रस्ताव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सड़क हादसा देखकर अक्सर लोग डर जाते हैं, कोई कानूनी झंझट के डर से रुकता नहीं। लेकिन इंदौर में दो ऐसे नागरिक सामने आए हैं, जिन्होंने इंसानियत को प्राथमिकता दी और घायलों को "गोल्डन ऑवर" में अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचा ली। अब केंद्र सरकार की राह-वीर योजना–2025 के तहत इंदौर में पहली बार दो राह-वीरों को पात्र घोषित किया गया है, जिन्हें 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और सम्मान-पत्र दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। हाल ही में इस योजना के तहत कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता वाली समिति ने दो राहवीरों के नाम परिवहन आयुक्त को भेजे है।

जिला स्तरीय अप्रेजल कमेटी द्वारा सभी प्रकरणों की गहन समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। बीते दिनों सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने भी राहवीर के मामलों का शीघ्र निराकरण करने के लिए कहा था। चयनित मामलों में यह स्पष्ट हुआ कि समय पर की गई मदद ही घायलों के जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बनी।

एआरटीओ सुश्री अर्चना मिश्रा ने बताया की राह-वीर योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में मूल्यांकन समिति का गठन किया गया है। समिति में पुलिस आयुक्त / एसएसपी, इंदौर,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), इंदौर और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ), इंदौर शामिल रहते है। समिति की अनुशंसा के बाद पात्र राह-वीरों का विवरण e-DAR पोर्टल पर अपलोड किया जाता है, जिसके बाद प्रोत्साहन राशि सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर होती है।

### पहला राहवीर

**सूरज विश्वकर्मा (लसूड़िया थाना क्षेत्र)**

विगत 20 जून 2025 को संजय कुरोची सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। न्याय नगर निवासी सूरज पिता हीरालाल विश्वकर्मा ने एक पल भी गंवाए बिना घायल को उठाया और तुरंत अरबिंदो अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार समय पर इलाज मिलने से संजय की जान बच सकी। स्पष्ट कारण दर्ज करते हुए घायल को समय पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, इससे उनको नया जीवन मिला।

### दूसरा राहवीर

**निलेश गौर (बाणगंगा थाना क्षेत्र)**

इंदौर में विगत 19 जून 2025 को नितेश पिता मधुकर निवासी कमलाकेशर नगर (कुशवाह नगर) का रिक्शा पलट गया। हादसे में उनके मुंह, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। रामनगर निवासी निलेश गौर ने बिना देर किए उन्हें अरबिंदो अस्पताल पहुंचाया। गोल्डन ऑवर में मिली सहायता के चलते नितेश की हालत संभल सकी। इस प्रकरण को भी समिति ने पात्र माना।

**'डरिए मत, मदद कीजिए' प्रशासन की अपील**

एआरटीओ श्री राजेश गुप्ता ने कहा कि राह-वीर योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि समाज में मददगार नागरिकों को सम्मान और पहचान देने की पहल है। नागरिकों से अपील की गई है कि "दुर्घटना देखकर पीछे न हटें। गोल्डन ऑवर में मदद करें, जान बचाएं और सम्मान पाएं"। एक राहवीर साल में अधिकतम पाँच मामलों में पात्र हो सकता है। जबकि दो लोग होने पर राशि आधी आधी कर दी जाती है।

### यह है राह-वीर योजना

राह-वीर योजना केंद्र सरकार की एक मानवीय पहल है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को समय पर मदद दिलाने वाले आम नागरिकों को प्रोत्साहित और सम्मानित करना है।

### योजना की खास बातें

सड़क हादसे में घायल को 'गोल्डन ऑवर' (पहले 1 घंटे) में अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक को पुरस्कार

राह-वीर को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि

सम्मान-पत्र देकर सार्वजनिक रूप से सम्मान

मदद करने वाले पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं

अस्पताल घायल के इलाज से इंकार नहीं कर सकता

चयन जिला स्तरीय समिति की जांच के बाद

### ऐसे मिलता है लाभ

पुलिस व अस्पताल से प्राप्त जानकारी के आधार पर मामला दर्ज

जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा जांच

पात्र पाए जाने पर विवरण e-DAR पोर्टल पर अपलोड

राशि सीधे राह-वीर के बैंक खाते में ट्रांसफर

# उस्ताद अमीर खां की स्मृति में इंदौर में सजेगा राग अमीर संगीत समारोह



**इंदौर। उस्ताद अमीर खां की स्मृति में प्रतिष्ठापूर्ण 'राग अमीर' संगीत समारोह का आयोजन 4 और 5 फरवरी 2026 को जाल सभागृह, इंदौर में किया जाएगा। इस दो दिवसीय समारोह में प्रदेश एवं देश के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ अपनी प्रस्तुतियां देंगे।**

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग तथा उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा जिला प्रशासन इंदौर के सहयोग से इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। दोनों दिन संगीत सभाएं सायं 7 बजे से प्रारंभ होंगी और दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि राग अमीर संगीत समारोह अकादमी का स्थायी एवं प्रतिष्ठित आयोजन है। उन्होंने कहा कि इंदौर में जन्मे उस्ताद अमीर खां ने भारतीय शास्त्रीय संगीत को नई ऊंचाइयां दीं और मध्यप्रदेश का नाम देश-विदेश में रोशन किया। संस्कृति विभाग का प्रयास है कि महान कलाकारों की परंपरा के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ा जाए। समारोह के पहले दिन 4 फरवरी को तीन संगीत सभाएं आयोजित होंगी। कार्यक्रम की शुरुआत विदुषी स्मिता मोकाशी, इंदौर के गायन से होगी। इसके बाद सुप्रसिद्ध सितार वादक एवं गुरु श्री भरत नायक, ग्वालियर द्वारा सितार वादन प्रस्तुत किया जाएगा। अंतिम प्रस्तुति सुविख्यात गायिका विदुषी देवकी पंडित, मुंबई के गायन की होगी। इस अवसर पर माइंड स्केपिंग और श्रेणिक जैन पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा।

दूसरे दिन 5 फरवरी को चार संगीत सभाएं होंगी। पहली प्रस्तुति विदुषी गीतिका उमड़ेकर, पुणे के गायन की होगी। इसके बाद प्रसिद्ध तबला वादक पं. हीतेंद्र दीक्षित, इंदौर द्वारा एकल तबला वादन प्रस्तुत किया जाएगा। अगली प्रस्तुति विदुषी संहिता नंदी, कोलकाता के गायन की होगी। समारोह का समापन जे. एस. आर. मधुकर, वृंदावन के गायन से होगा।

# जन समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रति सप्ताह मंगलवार आयोजित की जा रही जनसुनवाई का सिलसिला निरंतर जारी है। इसी क्रम में आज कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनकर कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया।



संपन्न हुई जनसुनवाई में कुल 301 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें स्वास्थ्य, राजस्व तथा पारिवारिक विवाद, स्थापना, आर्थिक सहायता आदि से संबंधित प्रकरण शामिल थे। जिन मामलों में तत्काल निराकरण संभव नहीं हो सका, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि सभी लंबित आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा तथा प्रत्येक सोमवार को इसकी नियमित समीक्षा की जाएगी।

जनसुनवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण प्रकरण सामने आए। एक निजी स्कूल से आरटीई के तहत पढ़ने वाले बच्चों को बाहर किए जाने की शिकायत पर स्कूल संचालक को बुलाकर जांच के निर्देश दिए गए, ताकि छात्रहित में उचित निर्णय लिया जा सके। वहीं होलकर साइंस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य द्वारा 15 माह से लंबित मेडिकल रिपोर्ट की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग को तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त एक बुजुर्ग के पारिवारिक विवाद के मामले में सभी संबंधित पक्षों को बुलाकर मेडिटेशन सेंटर में समझाइश के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान का प्रयास किया जा रहा है। एक महिला द्वारा ससुराल पक्ष पर संपत्ति विवाद एवं उत्पीड़न की शिकायत पर पुलिस विभाग एवं कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। इसी तरह एक बुजुर्ग महिला के कैंसर की निःशुल्क उपचार की व्यवस्था भी की गई। जनसुनवाई अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार, श्रीमती निशा डामोर, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारियों ने भी आमजन की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण सुनिश्चित किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जनसुनवाई शासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है, जिसके माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है और समस्याओं का मानवीय दृष्टिकोण से समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

# जब्त मदिरा और वाहन की कीमत लगभग 80 हजार रुपए है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में 27 बल्क लीटर अवैध मदिरा और एक दुपहिया वाहन भी जप्त किया गया। सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि आज वृत्त काछी मोहल्ला में उप निरीक्षक भगवानदास अहरवार की टीम द्वारा शहरी क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में आबकारी विभाग के अमले



को गश्त के दौरान एक दोपहिया महिन्द्रा रेडियो स्कूटी वाहन (क्रमांक MP09 SJ2359) को रोककर तलाशी लेने पर वाहन के आगे के स्पेस में रखी तीन पेटियों से 02 पेटी में 100 पाव मसाला और एक पेटी में 50 पाव प्लेन देशी मदिरा के कुल 150 पाव की 27 बल्क लीटर अवैध परिवहन की जा रही थी। उक्त मदिरा एवं वाहन जप्त कर आरोपी राहुल सिंह पिता श्री प्रहलाद सिंह निवासी कुलकर्णी का भट्टा इंदौर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत 79 हजार 750 कीमत रुपए के करीब है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।




### भागीरथपुरा में मौतों को लेकर कांग्रेस का धरना

# मृतकों के परिवार को एक करोड़ मुआवजे और सरकारी नौकरी की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के मामले में कांग्रेस का राजबाड़ा पर धरना शुरू हो गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यहां जुटना शुरू कर दिया है। धरने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हो रहे हैं।कांग्रेस की मांग है कि मृतकों के परिजन को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और दोषी अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज हो।**

धरना-प्रदर्शन में कांग्रेसियों ने मेयर पुष्यमित्र भार्गव के खिलाफ नारे लगाए। काफी संख्या में कांग्रेसी एकत्रित हुए हैं। धरने में भागीरथपुरा के कुछ लोग भी हैं, जिनके परिवार के लोग इस दूषित पानी वनवास के कारण मौत हो चुकी है। इस दौरान कुछ महिलाओं के आंखों में आंसू आ गए। धरना स्थल पर जगह कम होने पर चिंटू चौकसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सामने की ओर बैठे हैं।

## मूक-बधिर के दुष्कर्मी की जमानत निरस्त

**इंदौर।** हाई कोर्ट ने जिला कोर्ट के फैसले को पलटते हुए मूक-बधिर युवती से दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्मी की जमानत निरस्त कर दी। जिला कोर्ट ने यह कहते हुए दुष्कर्मी को जमानत दे दी थी कि आरोपित युवती को सहमति से ले गया था या बगैर सहमति के यह साक्ष्य का विषय है। पीड़िता की ओर से जमानत निरस्त करने के लिए हाई कोर्ट में याचिका प्रस्तुत हुई थी। न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने मंगलवार को याचिका स्वीकारते हुए जिला कोर्ट के जमानत आदेश को निरस्त कर दिया। एडवोकेट शत्रो शगुफ्ता खान ने बताया कि एमआईजी पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाली 18 वर्ष 9 माह आयु की मूक-बधिर युवती से दो युवकों ने दुष्कर्म किया था। घटना 4 अप्रैल 2025 की है। आरोपित अनुसूचित जनजाति की इस मूक-बधिर युवती को सुबह 10 जबरन घर से उठाकर ले गए। उन्होंने उसके साथ गलत काम किया और बाद में उन्होंने उसे वापस घर पर छोड़ दिया। युवती के माता-पिता ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बाद में जब युवती घर पहुंची तो उसने सांकेतिक भाषा में घर वालों को बताया कि युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। बाद में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा फरार हो गया था।

# युवती ने मंगेतर पर दर्ज कराया दुष्कर्म का केस

**इंदौर। हीरानगर थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाली एक युवती ने अपने ही मंगेतर के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में संपर्क तोड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।**



हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के मुताबिक पीड़िता मूल रूप से भोपाल के पास की रहने वाली है और वर्ष 2017 से इंदौर में रहकर एक कॉल सेंटर में काम कर रही है। इसी दौरान उसकी पहचान भोपाल निवासी पवन अहिरवार से हुई। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और प्रेम संबंध बन गए। पवन ने शादी का प्रस्ताव रखा, जिसकी जानकारी पीड़िता ने वर्ष 2023 में अपने परिवार को दी। परिजनों की सहमति के बाद मार्च 2023 में दोनों की सगाई करवाई गई। सगाई के बाद से ही आरोपी का व्यवहार बदल गया। पीड़िता के मुताबिक पवन उससे विवाद करने लगा, मारपीट और अपशब्द कहने लगा। इसी बीच उसे पता चला कि पवन किसी अन्य युवती को भी डेट कर रहा है। इस पर पवन ने यह कहकर बात टाल दी कि वह सिर्फ उसकी परिचित है। पीड़िता का आरोप है कि 3 जनवरी को पवन उसे सफाई देने कमरे पर आया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। लगातार संपर्क न हो पाने के कारण पीड़िता मानसिक तनाव और डिप्रेशन में चली गई, जिसके बाद उसने पूरे मामले की जानकारी अपने परिवार को दी। सोमवार को पीड़िता की शिकायत पर हीरानगर पुलिस ने आरोपी पवन अहिरवार के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और पीड़िता के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तलवार लहराने वाले बदमाशों पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हीरानगर क्षेत्र में बदमाश सूरज तिवारी ने अपने साथियों के साथ मारपीट की और तलवार लहराकर दहशत फैलाने का वीडियो वायरल किया था। पुलिस ने आरोपी सूरज तिवारी और तरुण शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से बचकर भागने के दौरान दोनों आरोपी घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें उन्हीं इलाकों में जुलूस के रूप में घुमाया, जहां वे पहले उत्पात मचाते थे। इस दौरान दोनों आरोपी पुलिस के सामने माफी मांगते नजर आए।

### 10 माह पहले घर से भागकर की थी शादी

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 20 वर्षीय नवविवाहिता ने सोमवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय पति घर के बाहर था। जब वह लौटा तो पत्नी को फंदे पर लटका देख तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**



मृतका की पहचान मोनिका चौहान के रूप में हुई है, जो विजयनगर के कल्प कामधेनू नगर में पति रितेश पटेल के साथ रहती थी। मोनिका घर पर सिलाई का काम करती थी, जबकि पति रितेश रेपिडो बाइक चलाता है। पति के मुताबिक सोमवार को मोनिका ने सिलाई के लिए कपड़ा लाने को कहा था, लेकिन वह उसे कपड़ा दिलाने नहीं ले जा सका। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। बताया जा रहा है कि मोनिका और रितेश ने अप्रैल 2025 में घर से भागकर प्रेम विवाह किया था। दोनों पहले एक ही स्कूल में पढ़ते थे। मोनिका के माता-पिता खजराना इलाके में रहते हैं। मृतका के पिता हीरालाल चौहान ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने बताया कि अप्रैल 2025 में उन्होंने खजराना थाने में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी और कई बार पुलिस से बेटी को ढूंढने की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि बेटी विजयनगर में रह रही है। उन्होंने जांच अधिकारी गणेश मुजाल्दे से बेटी को परिवार से मिलवाने की मांग की, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। पिता का आरोप है कि मोनिका ससुराल में परेशान थी, जिसकी जानकारी उन्हें उनकी भतीजी से मिलती रही। सोमवार को भी बेटी की मौत की सूचना भतीजी ने ही दी। जब वे एमवाय अस्पताल पहुंचे तो मोनिका के शव को मर्चुरी में रखवाया जा चुका था। विजयनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और परिजनों के आरोपों को भी जांच में शामिल किया जाएगा

# मां नहाने गई, युवती ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूडिया क्षेत्र में रहने वाली 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसकी मां बाथरूम में नहा रही थी। इसी दौरान युवती ने दूसरे कमरे में जाकर फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।**

लसूडिया पुलिस के अनुसार, प्रमिला (18), पिता जीतू मोरे ने सोमवार देर शाम अपने घर में फांसी लगा ली। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे देखा और नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों ने उसे वेंटिलेटर पर रखा, लेकिन मंगलवार तड़के उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि प्रमिला ने आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और घर पर ही रहती थी। परिवार को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रमिला की तीन छोटी बहनें और एक भाई है। उसके पिता एक प्रशासनिक अधिकारी की गाड़ी चलाते हैं और घटना के समय ड्यूटी पर थे। भाई-बहन घर के बाहर वाले कमरे में थे।

# स्टंटबाजी में पुलिस ने 4 युवकों को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सोशल मीडिया पर लापरवाही से गाड़ी चलाने के वीडियो सामने आए थे। वीडियो में कुछ युवक कार से बाहर लटकते नजर आ रहे थे, जिससे न सिर्फ उनकी बल्कि आम लोगों की जान भी खतरे में पड़ रही थी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार युवकों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक पुलिस के सामने कान पकड़कर माफी मांगते नजर आए।**



एडिशनल डीसीपी राजेश डंडोतिया के अनुसार, मरीमाता से सदर बाजार के बीच वायरल वीडियो के आधार पर गाड़ी नंबर के जरिए मयूर, सुमित, हिमांशु और जय की पहचान की गई। पुलिस ने उनकी गाड़ियां जब्त कर ली हैं। इनमें से एक गाड़ी पर नंबर प्लेट नहीं थी और उसमें हूटर भी लगा हुआ था। पुलिस ने चारों युवकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है और चेतावनी दी है कि इस तरह की हरकतें कानून का उल्लंघन हैं। युवकों ने माफी मांगते हुए भरोसा दिलाया कि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं करेंगे। बताया गया है कि सभी युवक पढ़ाई करते हैं और पार्टी के बाद सड़कों पर हंगामा कर रहे थे। यह वीडियो रविवार रात का है, जो बाणगंगा से सदर बाजार के बीच मरीमाता क्षेत्र में बनाया गया था। वीडियो में युवक दो कारों से स्टंट करते हुए खुलेआम घूम रहे थे और हूटर बजा रहे थे। उस दौरान उन्हें रोकने वाला कोई नहीं था।

## प्रदेश में ओला-पाला से प्रभावित फसलों का सर्वे कर किसानों को तत्काल उपलब्ध कराई जाए सहायता राशि : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# प्रदेश के विभिन्न अंचलों में होंगी कृषि कैबिनेट

- राज्य सरकार सरसों को भावांतर योजना में शामिल करने पर कर रही है विचार
- प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों की बेड क्षमता में की जाएगी वृद्धि
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट से पहले मंत्रि-परिषद सदस्यों को किया संबोधित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जहां-जहां भी ओला-पाला से फसलें प्रभावित हुई हैं, उन जिलों के कलेक्टर्स, सर्वे कराकर तत्काल सहायता राशि किसानों को उपलब्ध कराएं। किसानों के सभी प्रकार के हित सुनिश्चित करने और उनकी आय दोगुना करने के उद्देश्य से ही वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषक कल्याण कृषि वर्ष में मालवा, निमाड़, चंबल और विंध्य अंचलों में कृषि कैबिनेट आयोजित की जाएगी। कृषि के साथ उद्यानिकी, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन जैसी गतिविधियां अपनाने के लिए कृषकों को प्रेरित किया जा रहा है। हाल ही में प्रदेश में पहली बार राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव आयोजित किया गया। पुष्प उत्पादन और देश-विदेश में फूलों की बेहतर मार्केटिंग व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रदेश में नरवाई प्रबंधन और पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। भावांतर योजना में सरसों और अन्य तिलहन फसलों को भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। मूंग के स्थान पर उड़द को प्रोत्साहित करने के लिए नीति बनाई जा रही है। इसके लिए किसानों को प्रेरित करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को भोपाल में कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रि-परिषद सदस्यों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में राज्य स्तरीय एमपी यूथ गेम्स-2026 के भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठित आयोजनों में देशज खेलों को भी शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा मेडिकल कॉलेज में 750 बेड की क्षमता वृद्धि की गई है। प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेज की क्षमता को भी बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीपशुपतिनाथ लोक में विकसित की गई सुविधाओं और प्रतिमा के क्षरण को रोकने के लिए किए गए उपाय को अनुकरणीय बताया। उन्होंने बताया कि मंदसौर के मल्हारगढ़ में आयोजित 'अन्नदाता सम्मान समारोह' में भावांतर योजना में सोयाबीन उत्पादक एक लाख 17 हजार किसानों के खातें में 200 करोड़ रुपए की भावांतर राशि अंतरित की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। राजनैतिक विषयों के स्थान पर वित्त आयोग के सुझावों को महत्व देना बजट की विशेषता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में केंद्रीय बजट की विशेषताओं से जनसामान्य को अवगत कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कच्छ में आयोजित 'रण उत्सव' में टेंट सिटी के माध्यम से की गई ईको-सेंसेटिव आवास व्यवस्था और रोजगार के अवसर सृजित करने के नवाचार सराहनीय हैं। उन्होंने गिर राष्ट्रीय उद्यान में सफारी और रेस्क्यू सेंटर में सिंहों को देखने के लिए किए गए प्रयोगों से प्रेरणा लेते हुए उन्हें प्रदेश में लागू करने की दिशा में गतिविधियां संचालित करने की आवश्यकता बताई।

## मानहानि का विवाद अंततः खत्म हो गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद एवं सीनियर वकील विवेक तन्खा के बीच कई वर्षों से चला आ रहा मानहानि का विवाद अंततः खत्म हो गया है। दोनों पक्षों में समझौते के बाद मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एमएम सुंदरेश और एनके सिंह की बेंच के समक्ष इस संबंध में रिकार्ड दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि इस मामले में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के अलावा पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह और वीडी शर्मा भी पक्षकार थे। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते को रिकार्ड में लिया है। कोर्ट ने मंगलवार 3 फरवरी 2026 को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की याचिका का निपटारा कर दिया है। पिछले साल ही दोनों पक्षों को कोर्ट ने सलाह दी थी कि दोनों पक्ष आपसी सहमति से मामले को सुलझाने का प्रयास करें।



## ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले बागेश्वर धाम पहुंची क्रांति गौड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी क्रांति गौड़ मंगलवार को अपने परिवार के साथ बागेश्वर धाम पहुंचीं। अपने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत से पहले उन्होंने बागेश्वर बालाजी के दर्शन किए और पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मुलाकात कर जीत का आशीर्वाद लिया।**

दर्शन के बाद खुशी जाहिर करते हुए क्रांति गौड़ ने बताया कि बागेश्वर धाम आकर उन्हें शांति मिली है। उन्होंने बताया कि पिछली बार जब वह विदेश दौरे पर जा रही थीं, तब भी यहां आई थीं, लेकिन उस समय गुरुजी से मुलाकात नहीं हो सकी थी। तब उन्होंने मन्नत मांगी थी कि अगले बड़े दौरे पर जाने से पहले वे गुरुजी से मिलकर ही जाएंगी। उन्होंने कहा- यह मेरा पहला ऑस्ट्रेलिया दौरा है और जाने से पहले गुरुजी का आशीर्वाद मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। क्रांति गौड़ ने धाम की ओर से आयोजित किए जाने वाले सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम की भी जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि गुरुजी उन बेटियों का घर बसा रहे हैं जिनके माता-पिता नहीं हैं या जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इस बार इस आयोजन में 100 आदिवासी युवतियों का विवाह शामिल होना एक बहुत बड़ा और नेक कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट की।



## ट्रेड डील मेक इन इंडिया को देगी नई गति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। भारत-अमेरिका के बीच हुई नई ट्रेड डील अभिनन्दनीय है। यह ट्रेड डील, मेक इन इंडिया को नई गति देगी। इससे देश को प्रगति के नए अवसर प्राप्त होंगे। यह डील भारत के सशक्त नेतृत्व और विकास में साझा विश्वास को दर्शाता है।

## खेतों में जम गई 4 इंच मोटी बर्फ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते ग्वालियर जिले में मंगलवार सुबह वर्षा और भारी ओलावृष्टि हुई। प्रकृति का यह प्रकोप भितरवार-चीनोर क्षेत्र के गांव कछौआ, बड़की सराय, झुझारपुर, भोरी, रुरुआ, चीनोर, आंतरी, करहिया और सिकरौदा समेत 12 से अधिक गांवों में देखा गया। जहां पर भीषण ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि की तीव्रता इतनी अधिक थी कि खेतों में फसलों के ऊपर चार-चार इंच तक बर्फ जम गई। मंजर ऐसा था कि दूर-दूर तक फैली हरियाली गायब हो गई और पूरा इलाका बर्फ की चादर से ढका कश्मीर जैसा नजर आने लगा। किसानों के मुताबिक गेहूं, सरसों व चना आदि फसलों में 70 से 90 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीमें फसलों में हुए नुकसान का सर्वे करने के लिए मौके पर पहुंची। कुछ गांवों में कलेक्टर रुचिका चौहान भी नुकसान को देखने के लिए पहुंचीं। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक आगामी 24 घंटों में गरज चमक के साथ वर्षा व ओलावृष्टि की संभावना अभी बनी हुई है। साथ ही कोहरा भी रहेगा।

# आंगनबाड़ी के बच्चों को मधुमक्खियों से बचाने लिए दे दी अपनी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच, एजेंसी। जिले में आंगनबाड़ी केंद्र पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। बच्चों को उनसे बचाने के लिए केंद्र में खाना बनाने वाले स्वसहायता समूह की अध्यक्ष कंचन बाई मेघवाल मधुमक्खियों के सामने खड़ी हो गईं। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना सभी बच्चों को तिरपाल और दरी में लपेटा। फिर अंदर के कमरे में भेजा।**

इतनी देर में कंचन बाई को कई मधुमक्खियों ने काट लिया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामला नीमच जिले के रानपुर गांव में सोमवार दोपहर का है। कंचन बाई का शव मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन को सौंपा गया। सोमवार दोपहर को मडावदा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र के 20 बच्चे बाहर खेल रहे थे। अचानक कई मधुमक्खियां वहां आ गईं और बच्चों को घेर लिया। यह देखकर कंचन बाई ने तुरंत हिम्मत दिखाई। उन्होंने पास पड़ी तिरपाल और दरी से बच्चों को ढंकना शुरू कर दिया। कंचन बाई खुद बच्चों को बचाने के लिए खुद मधुमक्खियों के सामने खड़ी हो गईं। जब तक ग्रामीण मदद के लिए दौड़ते, हजारों मधुमक्खियां कंचन बाई को बुरी तरह डंक मार चुकी थीं। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा- कंचन बाई आंगनबाड़ी में खाना बनाने वाले 'जय माता दी स्व-सहायता समूह' की अध्यक्ष थीं। वे खुद भी बच्चों के लिए खाना बनाने का काम करती थीं। उनके पति शिवलाल को पैरालिसिस है। ऐसे में घर का सारा बोझ कंचन बाई के कंधों पर ही था। दंपती का एक बेटा और दो बेटियां हैं।



## संपादकीय

### "ट्रंप का मास्टरस्ट्रोक: भारत से ट्रेड डील और चीन की व्यापारिक घेराबंदी"

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही 10 महीने तक भारत को टैरिफ और सीजफायर के जुमलों में उलझाए रखा, लेकिन जब ट्रेड डील का ऐलान हुआ तो सबसे ज्यादा हक्का-बक्का चीन रह गया। भारत-अमेरिका ट्रेड डील ने एक ही झटके में उसके साथ कारोबार करने में चीन को बुरी तरह से पछाड़ने का रास्ता तैयार कर दिया है। अगर ट्रेड डील की बारीकियों पर गौर करें तो यह टैरिफ को सिर्फ 50% से 18% करने तक ही सीमित नहीं है। इसके प्रावधान ऐसे हैं कि चीन के लिए पहले से ही मुश्किल चुनौतियां अब और दोगुनी हो गई हैं। अबतक भारत के सामने अथाह मुश्किलें नजर आ रही थीं और चीन ज्यादा टैरिफ के बावजूद अमेरिका के साथ व्यापार में भारत के मुकाबले काफी बेहतर स्थिति में था। लेकिन, अब चीजें पूरी तरह से भारत के फेवर में शिफ्ट हो चुकी हैं। अमेरिका की ओर से फेंटानिल टैरिफ को 10% तक कम करने के बावजूद चीन के 99% निर्यात पर अमेरिका ने 37.5% या 55% टैरिफ लगा रखा है। सच तो यह है कि 70% से ज्यादा चीजें 55% टैरिफ के दायरे में हैं। इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) पर तो यह करीब 130% है। जब अमेरिका ने भारत पर 25% टैरिफ लगाया था और 25% रूस से तेल खरीदने के नाम पर जुर्माने के तौर पर वसूल रहा था, तो भारत की स्थिति भी लगभग वही थी,जो अभी चीन की है। लेकिन, ट्रेड डील के ऐलान के बाद टैरिफ 18% होने के साथ ही परिस्थितियों ने पूरी तरह से करवट ले ली है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील मात्र 18% टैरिफ तक ही सीमित नहीं है। ET की एक रिपोर्ट के अनुसार इस डील में भारत को कई और छूटें मिली हैं। इससे भारत को बहुत जबरदस्त फायदा होने वाला है। यही नहीं, ट्रेड डील के साथ ही भारत अमेरिकी बाजारों में सस्ते इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) भी बेच सकता है, जिससे चीन के पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई है। कुल मिलाकर ट्रेड डील के बाद चीन के मुकाबले अब भारत 50% फायदे में रहने जा रहा है।

## ज्ञान-विज्ञान

# ग्रहों की परेड, 'रिंग ऑफ फायर' सूर्यग्रहण

## आसमान में इस महीने होगा जबर्दस्त नजारा, भारत से आएगा नजर?



फरवरी का महीना अंतरिक्ष के शौकीनों के लिए बहुत खास होने जा रहा है। इस महीने अंतरिक्ष में एक नहीं बल्कि कई रोमांचक खगोलीय घटनाएं होने जा रही हैं, जिन पर खगोलविदों ने नजर बना रखी है। फरवरी जहां अंतरिक्ष में ग्रहों की परेड का नजारा दिखाएगी, तो महीने एक सूर्यग्रहण भी होने जा रहा है, जिससे रिंग ऑफ फायर की शानदार तस्वीर दिखाई देगी। यह इस साल का पहला सूर्यग्रहण होगा।

सूर्यग्रहण एक खगोलीय घटना है जब सूर्य और पृथ्वी के बीच में चंद्रमा आ जाता है। इस संयोजन से सूर्य के कोरोना का हिस्सा छिप जाता है और दिन में अंधेरे जैसा महसूस होने लगता है। इस बार यह सूर्यग्रहण खास होगा क्योंकि पूरी तरह से न ढक पाने के चलते कोरोना का बाहरी हिस्सा दिखाई देगा और सूर्य रिंग ऑफ फायर की तरह नजर आएगा।

### 'रिंग ऑफ फायर' सूर्यग्रहण

17 फरवरी को अमावस्या के दिन जब चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच से गुजरेगा, उसी समय वलयाकार सूर्यग्रहण लगेगा। चूंकि, इस दौरान चंद्रमा पृथ्वी से अपने सबसे दूर के बिंदु के पास होगा, इसलिए यह आसमान में थोड़ा छोटा दिखाई देगा और सूर्य की डिस्क को पूरी तरह ढक नहीं पाएगा। नेशनल जियोग्राफिक की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रहण के चरम पर चंद्रमा सूर्य के 92% हिस्से को



कवर करेगा, जिससे रोशनी का एक घेरा आग के छल्ले की तरह दिखाई देगा। रिंग ऑफ फायर का यह दृश्य 2 मिनट 19 सेकंड होगा। हालांकि, साल के पहले सूर्यग्रहण को देखना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि यह केवल अंटार्कटिका से दिखाई देगा। वहीं, दक्षिण अमेरिकी और दक्षिण अफ्रीका में यह आंशिक रूप से दिखाई देगा।

### ग्रहों की परेड

फरवरी के आखिर में हमारे सौर मंडल के ग्रह एक शानदार नजारा पेश करेंगे। 28 फरवरी को रात के आसमान में ग्रहों की परेड दिखाई देगी, जब रात के आसमान में छह ग्रहों को देखा जा सकेगा। सूर्यास्त के बाद शाम के आसमान में छह ग्रह बृहस्पति, यूरेनस, नेपच्यून, बुध, शनि और शुक्र एक लाइन में दिखाई देंगे। प्लैनेटरी परेड का यह नजारा अमेरिका, कनाडा, मेक्सिको, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत में दिखाई देगा। बुध, शुक्र, शनि और बृहस्पति को बिना किसी उपकरण के देखा जा सकता है।वहीं, यूरेनस और नेपच्यून के लिए दूरबीन की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए आसमान का साफ रहना जरूरी होगा।

Delhi NCR

# ऑनलाइन गेमिंग की लत, तीन सगी नाबालिग बहनों ने 9वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** गाजियाबाद के टीलामोड़ थानाक्षेत्र इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक ही परिवार की तीन नाबालिग बहनों ने 9वीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। तीन बेटियों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि ये तीनों बहनें पिछले कुछ महीनों से ऑनलाइन गेम खेलने की आदी हो चुकी थीं और कोरोना महामारी के बाद से इनका स्कूल भी रेगुलर नहीं था। चेतन कुमार, जो ऑनलाइन ट्रेडिंग का



काम करते हैं और तीन साल से भारत सिटी सोसायटी में किराये पर रह रहे हैं, उनकी तीन बेटियों की उम्र 16, 14 और 12 वर्ष थी। जानकारी के मुताबिक, चेतन कुमार की तीनों बेटियों ने सामूहिक आत्महत्या कर ली। मामला मंगलवार देर रात करीब दो बजे का है। चेतन कुमार पत्नी के साथ दूसरे कमरे में सो रहे थे। तीनों बहनों ने अपने कमरे की खिड़की से छलांग लगा दी। यह भी कहा जा रहा है कि तीनों बहनें पिछले कुछ माह से ऑनलाइन टास्क बेस्ड कोरियन लवर गेम खेल रही थीं। कोरोना के बाद से तीनों पढ़ाई भी छोड़ चुकी थीं। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि चेतन कुमार ऑनलाइन ट्रेडिंग का करते हैं और तीन वर्ष से भारत सिटी सोसायटी में किराये पर रह रहे हैं, मूल रूप से दिल्ली निवासी हैं।

New Delhi

## ट्रायल कोर्ट के फैसलों में क्यों ही रही चूक? 10 साल में HC ने पलट दी 90% से अधिक फांसी की सजा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में मृत्युदंड को लेकर एक चौंकाने वाला रुझान सामने आया है। नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के 'स्क्वायर सर्कल क्लिनिक' द्वारा जारी 10 वर्षों के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि निचली अदालतों द्वारा दी जाने वाली फांसी की सजा में गलत या अनुचित दोषसिद्धि का एक तय पैटर्न बन गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में जहां ट्रायल कोर्ट ने 1,310 लोगों को मौत की सजा सुनाई, वहीं उच्च न्यायालयों ने इनमें से केवल 70 मामलों में ही सजा की पुष्टि की। यह संख्या कुल मामलों का बेहद छोटा हिस्सा है, जो न्याय प्रक्रिया में निचली स्तर पर गंभीर खामियों की ओर इशारा करती है।

इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने पिछले तीन लगातार वर्षों (2023-2025) में एक भी फांसी की सजा की पुष्टि नहीं की है। इसके उलट, शीर्ष अदालत में बरी होने की दर में भारी उछाल आया है। 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने पास आए 19 में से 10 मामलों में आरोपियों को पूरी तरह बरी कर दिया, जो 2016 के बाद का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

अगस्त 2025 में 'वसंत संपत दुपारे बनाम भारत सरकार' मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए कहा था कि मृत्युदंड की सुनवाई निष्पक्ष सुनवाई का एक अनिवार्य हिस्सा है।

Chhattisgarh

## इंस्टाग्राम की लव स्टोरी और ब्रेकअप... नाराज गर्लफ्रेंड ने सीने में चाकू से गोदकर बॉयफ्रेंड की ले ली जान

**बिलासपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में बेहद सनसनीखेज वारदात सामने आई है. यहां एक युवक की दोस्ती इंस्टाग्राम पर एक लड़की से हुई. दोनों में प्यार हो गया. इसके बाद किसी बात को लेकर ब्रेकअप हो गया. ब्रेकअप से गर्लफ्रेंड इतनी नाराज हो गई कि उसने बॉयफ्रेंड के सीने में ताबड़तोड़ चाकू से वार कर उसकी जान ले ली. यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है, जिसने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया.

जानकारी के अनुसार, 22 साल की रोशनी और 25 साल के कामता प्रसाद सूर्यवंशी की दोस्ती करीब छह महीने पहले इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी. ऑनलाइन बातचीत धीरे-धीरे प्यार में बदल गई, लेकिन कुछ समय बाद कामता ने रोशनी से दूरी बना ली. उसने न केवल बात करना बंद कर दिया, बल्कि कॉल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रोशनी को ब्लॉक भी कर दिया. इसी से नाराज रोशनी को शक था कि कामता ने उसे छोड़कर किसी दूसरी लड़की से दोस्ती कर ली है.

Paschim bangal

## वकील बनकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं ममता, SIR का केस लड़कर रचने जा रही हैं इतिहास

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं। वह वकील के तौर पर शीर्ष अदालत में पहुंची हैं। आज का दिन अदालत के इतिहास में अनोखा है क्योंकि पहली बार कोई मौजूदा सीएम सुप्रीम कोर्ट में वकील की हैसियत से दलीलें देगा। पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग की ओर से चल रहे वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण को अदालत में चुनौती दी गई है। इस पर सुनवाई जारी है और इसी मामले में दलीलें देने के लिए ममता बनर्जी शीर्ष अदालत पहुंची हैं। चीफ मिनिस्टर ने अदालत में इंटरलॉक्युटरी ऐप्लिकेशन भी दाखिल की है। इसमें उन्होंने अदालत में पेश होने और निजी तौर पर दलीलें देने की मांग रखी है।मंगलवार को ही ममता बनर्जी के नाम का गेट पास सुप्रीम कोर्ट में बन गया था। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के



अनुसार SIR वाले केस की सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच कर रही है। इस बेंच में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली शामिल हैं। इस मामले में ममता बनर्जी के अलावा तीन और याचिकाएं दाखिल की गई हैं। इनमें से दो तो टीएमसी के सांसद ही हैं- डेरेक ओ ब्रायन और डोला सेन। ममता बनर्जी ने बंगाल में SIR को लेकर आपत्ति जताई है।

खेल

# विश्व चैंपियन गुकेश नॉर्वे शतरंज में खेलेंगे कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी भी होंगे शामिल

**नई दिल्ली, (एजेंसी) मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से पांच जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है।**

### गुकेश ने की पुष्टि

पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे। गुकेश ने कहा, मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से



हिस्सा लेकर बहुत खुश हूं। हमेशा की तरह बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा और सभी रोमांचक बाजियों का इंतजार कर रहा हूं।

गुकेश ने 2024 में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और फिर तत्कालीन विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर सिर्फ 18 साल की उम्र में विश्व खिताब हासिल किया। गुकेश ने अपनी प्रगति के दौरान कई उपलब्धियां हासिल की जिसमें 2750 रेटिंग अंक पार करने वाला अब तक का सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनना और 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करना शामिल है। वह शतरंज के इतिहास में तीसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर हैं। नॉर्वे शतरंज में 2025 में गुकेश ने कार्लसन पर अपनी पहली क्लासिकल जीत भी हासिल की थी। कार्लसन ने पिछले महीने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि की थी। सभी प्रारूप में 20 बार के विश्व चैंपियन ने पिछले 13 वर्षों में हमेशा अपने घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। हालांकि उन्होंने धीरे-धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर होने की इच्छा जताई थी। नॉर्वे शतरंज एक क्लासिकल प्रारूप की प्रतियोगिता है और मौजूदा विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियन कार्लसन ने इसे सात बार जीता है।

### प्रज्ञानंद और दिव्या भी होंगे शामिल

एक अन्य भारतीय स्टार आर प्रज्ञानंद ने भी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। भारतीय ग्रैंडमास्टर और विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख नॉर्वे शतरंज में महिलाओं के वर्ग में पदार्पण करेंगी और 2024 में इस वर्ग के शुरू होने के बाद महिलाओं के टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन जाएंगी। अब तक किसी भी भारतीय ने यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट नहीं जीता है।

सिनेमा

## यूट्यूबर की ग्रैंड शादी, ससुरालवालों ने दिया 71 लाख कैश-21 तोला सोना, भड़के यूजर्स, बोले- ये दहेज है



गुरुग्राम के मशहूर ऑटोमोबाइल यूट्यूबर अरुण पंवार की ग्रैंड वेडिंग चर्चा में बनी हुई है. इंस्टा पर उन्होंने शादी की रस्मों को निभाते हुए वीडियो पोस्ट किए हैं. जो देखते ही देखते वायरल हो गए. अरुण ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्हें लग्न समारोह में 71 लाख रुपये नकद और 21 तोला सोना मिलने का जिक्र हो रहा है. वीडियो में इसे दहेज नहीं 'दान' बताया गया है. इसे देखने के बाद दहेज प्रथा का विरोध करने वाले लोग एक्टिव हो गए हैं. अरुण को खूब ट्रोल किया जा रहा है. वीडियो में लग्न-सगाई में मिले 'दान' की डिटेल देते हुए एक शख्स ने अनाउंसमेंट कर बताया- दहेज नहीं केवल दान जो बना है, जो दिया गया है वो इस प्रकार है- लड़के की सोने की चेन साढ़े 5 तोले की, लड़के का ब्रेसलेट 4 तोले का, लड़के की 2 अंगूठी, लड़के की 5 सोने की चीज, लड़के के पापा की चेन-अंगूठी, लड़के के ताऊजी-दोनों भाइयों की अंगूठी, लड़के की मम्मी की टोकस, पायल, चुटकी, लड़के की बहन-भाभी के लिए टोकस. कुल 21 तोला सोना और 71 लाख रुपये कैश में दिया गया है. सोशल मीडिया पर इस वीडियो ने बहस छेड़ दी है. किसी ने इसे परंपरा बताया तो कोई इसे दहेज से जोड़कर देख रहा है.

## Highlights


1. Tehseen's mother injured in hit-and-run, video shows car reversing & hitting his mother

2. What are the PF withdrawal rules in case of unemployment?

3. Woman tricks police, civic teams into cleaning drain after claiming her kid fell in it in UP

4. Wings of 2 planes with passengers onboard collide at Mumbai airport

# India Services PMI rebounds from lowest in nearly a year in January 2026



**NEW DEIHI, (Agency).** Activity in India's services sector has rebounded from lowest in nearly a year due to new business even as job creation remained stagnant.

HSBC's India Services Purchasing Managers' Index, which is compiled by S&P Global, rose to 58.5 in January 2026 from 58.0 in December 2025. That marks the 24th consecutive month of expansion — the longest streak since the survey began in 2005. A reading above 50 indicates expansion, and contraction below. "Robust output growth was driven by a steady influx of new orders, including increased international demand from South and Southeast Asia," HSBC's Chief India Economist Pranjul Bhandari said.

India Services PMI — Key Factors for Growth

The pickup in services activity in the world's populous country was driven by new business, which expanded at its fastest pace since November. A stronger online presence and aggressive marketing helped boost sales. A surge in new export business—a three-month high due to increased demand from Indonesia, Qatar, Sri Lanka and Vietnam—also supported the services sector.

But while demand rose, hiring to cater to the demand was subdued. The pace of job creation hovered just above the 50 mark, signalling stagnation in the labour market. At the same time, higher inputs costs weighed, prompting service providers to pass on part of the increase to customers.

The HSBC India Composite PMI, which combines services and manufacturing, rose to 58.4 in January from 57.8 in December.

# Indians spend 102 hours a year second guessing scam messages, McAfee finds

**NEW DEIHI, (Agency).** Even though the awareness has increased, the numbers still make for worrying reading. Indians receive 13 scam communications on an average, everyday, across text, social media, emails, phone calls and even malicious QR codes. Online security firm McAfee's 2026 State of the Scamiverse report for India, released today, makes a worrying trend clearer still — the scams look and sound more realistic than ever before. That means the scam messages such as the fake motor vehicle challan notifications with a link to make a payment, look more realistic to the casual users, unless analysed closely.




That's just one example. McAfee's 2026 State of the Scamiverse report points out that scams have become such a part and parcel of all the communications we receive on a daily basis, that an average person spends as many as 102 hours a year trying to determine between an SMS, email, WhatsApp message or an incoming phone call, whether it is genuine or fake. Two in five Indian users (the report's survey sample size was 7,592 adults) surveyed as part of this report say they feel less confident about spotting scams than they could an year earlier, and 82% of surveyed Indians say they are now certainly more cautious about opening messages from unknown senders.

# क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर 98 हजार की धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भंवरकुआ थाना क्षेत्र में एक निजी कंपनी के स्टोर मैनेजर के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर लिंक भेजकर पीड़ित के खाते से करीब 98 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात खाताधारकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**




भंवरकुआ पुलिस के अनुसार कमलेश पांडे निवासी रफेली कॉलोनी बाणगंगा एक निजी कंपनी में स्टोर मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। 13 जनवरी की दोपहर उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वानी है तो मोबाइल पर आए टेक्स्ट मैसेज में दिए गए लिंक पर क्लिक करना होगा। पीड़ित के अनुसार लिंक पर क्लिक करने के बाद एक अन्य लिंक खुला, जिसमें क्रेडिट कार्ड से संबंधित कुछ चार्ज भरने का फॉर्मेट दिखाया गया। जैसे ही उन्होंने उस फॉर्मेट को ओपन किया, उनके बैंक खाते से दो बार में 98 हजार रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर हो गई। राशि कटते ही पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई और फिर भंवरकुआ थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात खाताधारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी बैंक अधिकारी के नाम पर आने वाली कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें और किसी भी प्रकार की निजी या बैंकिंग जानकारी साझा न करें।

## संतों के विवाद पर बोलने की हैसियत हमारी नहीं- धीरेंद्र शास्त्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर**। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम के कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि संतों के विवाद पर बोलने की हैसियत हमारी नहीं है, लेकिन साधु आपस में लड़कर जो निंदा कर रहे हैं, वह सनातन के लिए घातक है। इंदौर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि हम अब तक संत नहीं बन पाए हैं क्योंकि हम आचरण से संत बनना चाहते हैं। ऐसी बात से हमारी ही हंसी होती है। इंदौर में मीडिया के सवालों का जवाब देते कहा कि आज नए मंदिर तो खूब बनाए जा रहे, लेकिन पुराने मंदिरों का जीर्णोद्धार नहीं किया जा रहा। पुराने मंदिरों का जीर्णोद्धार कर इनका वैभव लौटाए जाने की जरूरत है। उन्होंने बलि प्रथा को दूर करने की आवश्यकता बताई। साथ ही कहा कि हमारे तीर्थ, देवालय आस्था का केंद्र बनने के बजाये पिकनिक स्पॉट बन रहे हैं। यह उचित नहीं है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक